प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मंत्रिमण्डल निर्णय

प्रदेश मंत्रिमण्डल ने पुलिस विभाग में आरक्षी कांस्टेबल के एक हज़ार 2 सौ 26 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने शिक्षा विभाग में 6 हज़ार 2 सौ 97 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6 हज़ार 6 सौ 30 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को मंजुरी दी है । बैठक में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 2 सौ पद सृजित करने और भरने के अतिरिक्त, विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में विभिन्न श्रेणियों के 84 पद सृजित कर भरने और नगर व ग्राम नियोजन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 13 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की।

उपचुनाव

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों ने इन उपचुनावों के लिए सभी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में होने वाले चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन 21 जून है। नामांकन के चौथे दिन हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने हमीरपुर में अपना

नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं देहरा व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नालागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु उनके साथ मौजूद रहेंगे।

शिमला ग्रीष्मोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव कल देर रात संपन्न हो गया। ग्रीष्मोत्सव की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव की स्मारिका का भी विमोचन किया। आखिरी संध्या पर मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायक दलेर मेहंदी रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा आखिरी दिन पुलिस सहायता कक्ष के समीप महानाटी का आयोजन किया गया, जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना शिमला और मशोबरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की करीब 300 महिलाओं ने भाग लिया। महानाटी से महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया, जिसमें अन्य स्थानीय महिलाओं और पर्यटकों ने भी उनके साथ नाटी डाली।

पेयजल संकट

प्रदेश में सूखे की स्थिति के मद्देनज़र लोगों को पेयजल के साथ–साथ कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर लोगों को चार–पांच दिन बाद भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्राकृतिक जलस्रोतों में पेयजल की कमी, पेयजल आपूर्ति, पेयजल वितरण व योजनाओं को हुए नुकसान की शिकायतें भी मिल रही हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने हालात सामान्य होने तक जल शक्ति विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए नगर निगम शिमला ने शिमला शहर में निर्माण कार्यों पर 30 जून तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। ऊना में कल तापमान सबसे अधिक 43 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रहा जबकि बिलासपुर में 42, हमीरपुर में 41 दशमलव 2, कांगड़ा में 40 दशमलव 8, चम्बा में 40 दशमलव 3 और राजधानी शिमला में तापमान 30 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच ऊना जिला प्रशासन ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए आज और कल 20 जून को सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घण्टों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई है वहीं मैदानी क्षेत्रों में कहीं कहीं पर लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल के निर्णयों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **कांगड़ा का देहरा बनेगा पुलिस जिला – विभिन्न विभागों में भरे जाएंगे 7 हजार 8 सौ 56 पद।** **पंजाब केसरी** का शीर्षक है **एन टी टी के बदले, 6 हजार 2 सौ 97 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति होगी।** **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है **देहरा में खुलेगा पी डब्ल्यू डी सर्कल और एस पी ऑफिस।**

मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश लड़ेंगी उपचुनाव **दैनिक जागरण** की एक खबर है। **पंजाब केसरी** ने लिखा है **सी एम की पत्नी की राजनीति में एंट्री, कमलेश ठाकुर देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी।** **हिमाचल दस्तक** का कहना है **भाजपा के होशियार सिंह को टक्कर देगी देहरा की बेटी।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी, सात शहरों में 40 डिग्री पार, आज भिगोएगा प्री मानसून।**